**शिक्षा निदेशालय, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र**

**मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न पत्र**

**(सत्र-2026-27)**

**कक्षा: 5** **विषय: गणित**

**अवधि: 2 घंटे** **अधिकतम अंक: 50**

---

**सामान्य निर्देश:**

**1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**2. इसमें तीन खंड हैं, खंड-अ, खंड-ब और खंडस-।**

**3. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं।**

*****************

**खंड- अ**

**1. भारत की सबसे लंबी रेल यात्रा *विवेक एक्सप्रेस* द्वारा की जाती है, जो असम के डिब्रूगढ़ से तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक चलती है। नीचे दी गई सारणी में इस रेलगाड़ी के मार्ग में आने वाले कुछ स्टेशनों को ध्यानपूर्वक देखिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5)**

| **स्टेशन संख्या** | **स्टेशन का नाम** | **डिब्रूगढ़ से दूरी** |
|---|---|---|
| 9 | दीमापुर | 306 कि. मी. |
| 14 | गुवाहाटी | 556 कि. मी. |
| 22 | जलपाईगुड़ी रोड़ | 983 कि. मी. |
| 34 | भुवनेश्वर | 2007 कि. मी. |
| 40 | विशाखापट्टनम | 2450 कि. मी. |
| 45 | विजयवाड़ा जंक्शन | 2800 कि. मी. |
| 55 | कोयम्बटूर | 3675 कि. मी. |
| 65 | कन्याकुमारी | 4187 कि. मी. |

i) **डिब्रूगढ़ से गुवाहाटी की दूरी कितनी है?**

(क) 306 किमी

(ख) 556 किमी

(ग) 983 किमी

(घ) 2007 किमी

ii) **डिब्रूगढ़ से 2,450 किमी की दूरी पर कौनसा स्टेशन स्थित है-?**

(क) भुवनेश्वर

(ख) विजयवाड़ा जंक्शन

(ग) विशाखापट्टनम

(घ) कोयंबटूर

iii) **डिब्रूगढ़ से कन्याकुमारी की दूरी, डिब्रूगढ़ से कोयंबटूर की दूरी से कितने किलोमीटर अधिक है?**

(क) 412 किमी

(ख) 502 किमी

(ग) 512 किमी

(घ) 612 किमी

iv) **डिब्रूगढ़ से 1,000 किमी से कम दूरी पर कौनसा स्टेशन स्थित है-?**

(क) भुवनेश्वर

(ख) विजयवाड़ा जंक्शन

(ग) जलपाईगुड़ी रोड

(घ) कोयंबटूर

**2. प्रियंका मोहिते 8,000 मीटर से अधिक ऊँचाई वाली पाँच हिमालयी चोटियों पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विश्व के अन्य भागों में स्थित पर्वत चोटियों पर भी सफलतापूर्वक आरोहण किया है। नीचे दी गई तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

| **पर्वत श्रृंखला** | **ऊँचाई( मी. में)** | **चढ़ने का वर्ष** |
|---|---|---|
| कंचनजंगा पर्वत (भारत और नेपाल सीमा) | 8,586 | 2022 |
| एवरेस्ट पर्वत (नेपाल - चीन सीमा) | 8,848 | 2013 |
| मकालू पर्वत (चीन - नेपाल सीमा) | 8,485 | 2019 |
| ल्होत्से पर्वत (तिब्बत - नेपाल सीमा) | 8,516 | 2018 |
| कीलिमनजारो पर्वत (आफ्रिका) | 5,895 | 2016 |
| एल्ब्रस पर्वत (रूस) | 5,642 | 2017 |
| अन्नपूर्णा I पर्वत (नेपाल) | 8,091 | 2021 |

i) **प्रियंका मोहिते द्वारा आरोहित पर्वतों में सबसे ऊँचा पर्वत कौनसा है-?**

(क) माउंट मकालू

(ख) माउंट कंचनजंगा

(ग) माउंट एवरेस्ट

(घ) माउंट ल्होत्से

ii) **माउंट एवरेस्ट, माउंट मकालू से कितने मीटर ऊँचा है?**

(क) 263 मीटर

(ख) 333 मीटर

(ग) 363 मीटर

(घ) 403 मीटर

**iii) वर्ष 2021 में किस पर्वत पर चढ़ाई की गई थी?**

(क) माउंट ल्होत्से

(ख) माउंट अन्नपूर्णा

(ग) माउंट कंचनजंगा

(घ) माउंट किलिमंजारो

**iv) माउंट कंचनजंगा और माउंट अन्नपूर्णा की ऊँचाई में कितना अंतर है?**

(क) 395 मीटर

(ख) 495 मीटर

(ग) 505 मीटर

(घ) 595 मीटर

**3. निम्नलिखित प्रश्नों को हल कीजिये | (कोई चार) (4x1=8)**

**i) समान भिन्न लिखें|**

**1/7 = ___________**

**ii) जब मिनट की सुई 15 मिनट चलती है, तो उसने वृत्त का ______ घुमाव किया है|**



**iii) जब मिनट की सुई 30 मिनट की दूरी तय करती है, तो इसने वृत्त का ______ मोड़ बनाया है|**



**iv) भिन्नों की तुलना > या < का इस्तेमाल करके कीजिये|**

**1/4 _________3/4**

**v) घटा करें|**

**450 – 150 = __________**

**vi) रिक्त स्थान की पूर्ति करके भिन्नों को बराबर करें|**

**2/5 = ___/10**

4. **रितिका विभिन्न छड़ियों की लंबाइयों की तुलना कर रही है। उनकी तुलना <, =, > चिह्नों का प्रयोग करके कीजिए।** **(5)**

i ) 436 सेमी _____ 5 मी

ii ) 55 सेमी + 200 सेमी _____ 200 सेमी + 54 सेमी

iii ) 6 मी 5 सेमी ____ 6 मी 50 सेमी

iv) 2 मी 150 सेमी ____ 3 मी 50 सेमी

v) 38 सेमी _____ 138 सेमी + 1 मी

**अथवा**

**निम्नलिखित प्रत्येक जोड़ी में बड़ी लंबाई पर गोला (○) लगाइए।**

(क) 11 मिमी और 1 सेमी

(ख) 26 मिमी और 2 सेमी

(ग) 20 सेमी और 201 मिमी

(घ) 1,020 मिमी और 1 मीटर

(ङ) 2 मीटर और 245 सेमी

5. **निम्नलिखित में से प्रत्येक को मापने के लिए उचित इकाई) मीटर या सेंटीमीटर लिखें| (5x1=5)**

| **मात्रा** | **मापन** | **सही इकाई** |
|---|---|---|
| (क) कक्षा के दरवाजे कि लम्बाई | **2** | |
| (ख) पेंसिल की लम्बाई | **18** | |
| (ग) कॉपी कि चौड़ाई | **21** | |
| (घ) स्कूल बस कि लम्बाई | **8** | |
| (ड) सूरजमुखी के पौधे कि ऊँचाई | **150** | |

## खंड स

**6. नित्या के फार्म में 297 गधे हैं। प्रत्येक गधे को प्रतिदिन 18 किलोग्राम चारे की आवश्यकता होती है। 297 गधों को प्रतिदिन खिलाने के लिए कुल कितने किलोग्राम चारे की आवश्यकता होगी?** **(3)**


**7. स्केल (पटरी) की सहायता से निम्नलिखित लंबाइयों की रेखाएँ खींचिए।** **(3)**


(क) 5 सेमी 5 मिमी


(ख) 3 सेमी 6 मिमी


(ग) 8 सेमी 3 मिमी

8. देखें और पहचानें कि कौन सा कोण तीव्र, मूर्धा, समकोण या सीधा हैं। (4)

क)  ____________________

ख)  ____________________

ग)  ____________________

घ)  ____________________

9. सही उत्तर के साथ रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (5)

क) 7,934 में ₹10 के कितने नोट हैं? __________

ख) ₹7,934 में ₹100 के कितने नोट हैं? __________

ग) ₹65,342 में ₹10 के कितने नोट हैं? __________

घ) ₹65,342 में ₹100 के कितने नोट हैं? __________

ङ) ₹65,342 में ₹500 के कितने नोट हैं? __________

अथवा

10. एक स्कूल क्लब ने साइक्लिंग प्रतियोगिता आयोजित की। क्लब ने एंट्री टिकट बेचकर और टीमों से भागीदारी शुल्क लेकर पैसे कमाए। उन्होंने ₹125 प्रति टिकट की दर से 68 टिकट बेची। प्रतियोगिता में 4 टीमों ने भाग लिया, और प्रत्येक टीम ने ₹1,450 का भागीदारी शुल्क दिया। क्लब ने साइक्लिंग ट्रैक किराए पर लेने में ₹2,250 और रिफ्रेशमेंट पर ₹1,680 खर्च किए। (5)

(क) क्लब ने टिकट बिक्री और टीम भागीदारी शुल्क से कुल कितने पैसे इकट्ठा किए?

(ख) साइक्लिंग ट्रैक किराए और रिफ्रेशमेंट पर कुल खर्च कितना हुआ?

**अथवा**

आरव अपने स्कूल में वार्षिक खेल दिवस समारोह देख रहा है। आरव दर्शकों में अन्य छात्रों के साथ बैठा है। उसके सामने 15 पंक्तियाँ छात्र बैठी हैं और उसके पीछे 14 पंक्तियाँ हैं। उसके बाईं ओर 19 छात्र हैं और दाईं ओर 20 छात्र हैं।

निम्नलिखित सवालों के जवाब दें:

(क)कुल कितनी पंक्तियाँ हैं?

(ख) आरव की पंक्ति में कितने छात्र हैं?

(ग) दर्शकगण में कुल कितने छात्र मौजूद हैं?